**Set C**

# तृतीय कालांत योगात्मक आकलन 2025-2026
# SUMMATIVE ASSESSMENT III
## (Model)

Time : 90 Minutes
Cool off time : 15 Minutes

**Standard : X**
Score : 40

## Third Language
## HINDI

---

**सूचना : 'रैन बसेरे में...' यात्रावृत्त का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 1 और 2 के उत्तर लिखें।**

> अंत में दो-तीन किताबें निकालीं। किताबें उसने खोलकर देखीं, फिर ज्यों की त्यों वापस रख दीं। हमारी ओर मुड़कर छोटू से बोला, "वॉट इज युअर नेम?" छोटू ने सहमते हुए कहा, "मुझे अंग्रेज़ी नहीं आती। " मुझसे पूछा, "तुम क्या करते हो?" मैंने कहा, "मैं शिक्षक था, बच्चों को पढ़ाता था, अब रिटायर हो गया हूँ।"

1. सही विकल्प चुनकर लिखें। 1

   (क) मैं + की = मुझे (ख) मैं + के = मुझे

   (ग) मैं + को = मुझे (घ) मैं + का = मुझे

2. प्रस्तुत प्रसंग के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें। 4

**सूचना : कबीर का दोहा पढ़ें, प्रश्न 3 और 4 के उत्तर लिखें ।**

> साधू ऐसा चाहिए, जैसा सूप सुभाय।
> सार-सार को गहि रहै , थोथा देई उड़ाय ॥

3. 'सुभाय' का समानार्थी शब्द क्या है ? 1

   (क) वचन (ख) स्वभाव

   (ग) शरीर (घ) अहंभाव

4. कबीर के प्रस्तुत दोहे का **आशय** लिखें । 2

**सूचना : 'दिल्ली में उनींदे' संस्मरण का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 5 और 6 के उत्तर लिखें।**

> "आप दिल्ली में कब आए थे?" "1979 में।" "घर कहाँ है आपका?" "यही है।" वह मुझे ऑटो के आईने में से देखता है। ज्यों घर आए मेहमान को देख रहा हो। "आपका मतलब है, आप तब से सड़क पर ही हैं?" "हॉ।" यानी उसे बिना सोए चौदह साल बीत गए!

© State Assessment Cell - SCERT, Kerala

5. 'उसे बिना सोए चौदह साल बीत गए।' लेखिका की इस सोच का कारण क्या है ? 2

6. ऑटो ड्राइवर के साथ हुए अनुभव का जिक्र करते हुए लेखिका की **डायरी** लिखें। 4

**अथवा**

ऑटो ड्राइवर के साथ हुए अनुभव बताते हुए लेखिका मित्र के नाम पत्र लिखती हैं। वह **पत्र** तैयार करें।

**सूचना : 'मेरी दुनिया के तमाम बच्चे' कविता का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 7 का उत्तर लिखें।**

वो तुम्हारी टैंकों में बालू भर देंगे एक दिन
और तुम्हारी बंदूकों को
मिट्टी में गहरा दबा देंगे
वो सड़कों पर गड्ढे खोदेंगे
और पानी भर देंगे
और पानियों में छपा-छपा लोटेंगे
वो प्यार करेंगे एक दिन उन सबसे
जिसने तुमने नफ़रत करना सिखाया है।

7. समान आशय वाली पंक्तियाँ कवितांश से चुनकर लिखें। 2

बच्चे नफ़रत की भावनाओं को छोड़ देंगे।

**सूचना : 'व्हाइट कैप' कहानी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 8 का उत्तर लिखें।**

अचानक निराश लड़कों के बीच उनकी बॉल आकर गिरी। चकराए चकित लड़कों ने देखा कि उस इमारत की छत पर केशव मुस्कुराता हुआ खड़ा था और वहाँ से हाथ हिला रहा था। लड़के उछल पड़े। एक बड़े लड़के ने खुश होकर कहा, "वाह! टार्जन है ये तो! चलो यार, काम बन गया।"

8. केशव के चरित्र पर **टिप्पणी** लिखें। 4

**सूचना : 'परी लड़की' कहानी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 9 और 10 का उत्तर लिखें।**

मैं अपनी माँ के पतले शरीर से लिपट गया । " माँ, मैं तुम्हारे साथ ही चलूँगा " –मैं फुसफुसाया। पर माँ ने मुझे अपने बड़े भाइयों की ओर धकेल दिया, और वो खुद एक खुली ट्रेन की बोगी की ओर चल पड़ीं। आँखें आगे की ओर शरीर अकड़ा हुआ। सिर ऊँचा । "हरमन" –माँ ने कहा। "अब समय आ गया है कि तुम्हारे एक आदमी बनने का।"

9. "अब समय आ गया है कि तुम्हारे एक आदमी बनने का ।" –माँ ने ऐसा क्यों कहा होगा ? 2

10. प्रस्तुत प्रसंग के आधार पर माँ और हरमन के बीच की संभावित **बातचीत** लिखें। 4

**अथवा**

युद्ध के बाद आज़ाद होकर हरमन अमेरिका जाता है। वहाँ हरमन परी लड़की रोमा से मिलता है। हरमन और रोमा के बीच की संभावित **बातचीत** लिखें ।

© State Assessment Cell - SCERT, Kerala

**सूचना : 'सिला बीनती लड़कियाँ' कविता का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 11 का उत्तर लिखें।**

उनके बालों में हँसते रहते हैं
कनेर के फूल
और एक गुलाबी रोशनी
उनके चेहरे से फूटकर
फैलती रहती है धरती पर
जब झुकने लगते हैं दिन के कंधे
और उन्हें लगता है कि इतनी
बालियों से हो जाएगा तैयार
एक जून के लिए बटकी भर भात
वे लौट जाती हैं घर

11. कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का **आशय** लिखें । 4

**अथवा**

'सिला बीनती लड़कियाँ' कविता के आधार पर गरीब परिवारों के हाल पर **टिप्पणी** लिखें ।

**सूचना : 'गैलीलियो' लेख का यह अंश पढ़ें, 12 से 14 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

इसपर पिता ने नाराज़ होने के बजाय खुश हुए और कहा, "मैं तुमसे यही सुनना चाहता था और इस भावना को हमेशा बनाए रखना। तभी तुम सच्चे वैज्ञानिक बन पाओगे।" गैलीलियो ने पिता की बात को हमेशा याद रखा।

12. पहचानकर लिखें कि कौन-से प्रस्ताव सही हैं। 1

(i) गैलीलियो महान वैज्ञानिक थे।

(ii) गैलीलियो बचपन में आलसी थे।

(iii) गैलीलियो डॉक्टर बनना चाहते थे।

(iv) गैलीलियो ने पेंडुलम नियम खोजा था।

(क) i और iii सही हैं। (ख) ii और iii सही हैं।

(ग) i और iv सही हैं। (घ ) iii और iv सही हैं।

© State Assessment Cell - SCERT, Kerala

13. वाक्य विस्तार करें। 3

( खुश होकर, गैलीलियो से, तब)

पिताजी ने कहा।

..........................................

.......................................................

...................................................................

14. गैलीलियो के पिताजी नाराज़ होने के बजाय खुश हो गए। क्यों? 2

**सूचना : नीचे दिए खंड पढ़कर 15 से 17 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

बात 1945 की है, जब जापान के दो शहरों– हिरोशिमा और नागसाकी में पहला एटम बम गिरा। पाँच लाख की आबादी वाला शहर हिरोशिमा तहस-नहस हो गया। बम गिराए जाने की एक महीने के बाद हिरोशिमा में विभिन्न प्रकार की बीमारियाँ फैल गई। स्वस्थ दिखाई देते लोग अचानक बीमार और कमज़ोर हो जाते, कुछ ही समय में मर जाते। यह सब इतना अजीब था कि लोगों को समझ ही नहीं आ रहा था कि यह क्या हो रहा हैं ?

15. विशेषण शब्द चुनकर लिखें । 1

(क) बीमारियाँ (ख) शहर

( ग) महीना (घ) पहला

16. नमूने के अनुसार वाक्य बदलकर लिखें । 1

| | |
|---|---|
| हिरोशिमा में बम गिरा । | हिरोशिमा में बम गिरा था। |
| हज़ारों लोग मरे। | ................................ । |

17. हिरोशिमा में अणु बम गिराए जाने का नतीजा क्या हुआ ? 2

■

© State Assessment Cell -SCERT, Kerala